






## नवरात्रि विशेष



### षष्ठम : कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुदर्शी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है। भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंद्रहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।

महानदी में पानी छोड़ने खुले चार गेट, पानी की आवक 13416 तथा जावक 8190 क्यूसेक

# गंगरेल बांध लबालब, खतरे के निशान के करीब

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शनिवार की शाम को गंगरेल बांध का गेट महानदी में पानी फ्लड के लिए खुल गया है। बांध के चार गेट के माध्यम से 8 हजार क्यूसेक से अधिक पानी छोड़ा जा रहा है। प्रशासन ने नदी किनारे के गांवों में मुनादी कर बाढ़ का अलर्ट जारी कर दिया है। कैचमेंट एरिया में भारी बारिश होने की स्थिति में और गेट खोलने की संभावना है।



क्वांर मास की झमाझम बारिश ने आखिरकार गंगरेल बांध को लबालब कर दिया। उल्लेखनीय है कि 13 अगस्त को सिंचाई पानी के लिए 7 एवं 8 नंबर गेट से पानी दिया जा रहा था। पिछले तीन चार दिनों से हो रही बारिश से बांध में पानी की आवक तेज हो गई है। शनिवार शाम 6 बजे बांध में पानी खतरे के निशान से डेढ़ फीट नीचे आते ही सिंचाई विभाग अलर्ट हो गया और 6.15 बजे 6 एवं 9 नंबर के गेट को महानदी में पानी फ्लड के लिए खोल दिया गया।

गंगरेल कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार 7 एवं 8 नंबर के गेट को 35 सेमी खोला गया है जिससे 3816 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। 6 तथा 9 नंबर के गेट को 25 सेमी खोला गया है जिससे 3324 क्यूसेक पानी छूट रहा है। इसके अलावा पेन स्टाक से 1650 क्यूसेक पानी छूट रहा है। 348.70 मीटर लेवल वाले इस बांध में 348.25 मीटर जलभराव है। यह बांध की क्षमता का 95 प्रतिशत जलभराव है। बांध में पानी की आवक शनिवार शाम 7 बजे 13416 क्यूसेक हो रही थी। कैचमेंट एरिया में बारिश पर सिंचाई विभाग की नजर बनी हुई है। आवक बढ़ने पर बांध के अन्य गेट को भी खोला जाएगा।

### लाल निशान से पानी .45 सेमी नीचे

32.150 टीएमसी जलभराव की क्षमता वाले गंगरेल बांध में शनिवार शाम को 30.651 टीएमसी जलभराव का रिकार्ड दर्ज किया गया। 348.70 मीटर लेवल वाले गंगरेल बांध में 348.25 मीटर जलभरव हो चुका है। खतरे के निशान से .45 सेमी पहले बांध का गेट खोला गया है। प्रशासन ने नदी किनारे गांवों में बाढ़ का अलर्ट जारी कर नदी की ओर मवेशियों को न ले जाने तथा ग्रामीणों को जाने से मना किया है। बाढ़ का खतरा वाले गांवों में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराई जा रही है।

# ट्रैक्टर से मटेरियल सप्लाई बंद

## प्रशासन की एकतरफा कार्रवाई के विरोध में ट्रैक्टर यूनियन ने खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मटेरियल सप्लाई में लगे सभी ट्रैक्टर रविवार से बंद हो जाएंगे। जब तक प्रशासन की ओर से रेत परिवहन में ट्रैक्टरों को रियायत नहीं दी जाएगी, तब तक ट्रैक्टरों से मटेरियल सप्लाई पूरी तरह से बंद रहेगी। केवल रेत ही नहीं गिट्टी, ईंट, मलबा, मिट्टी सहित अन्य चीजों की सप्लाई भी बंद रहेगी।

अवैध उत्खनन के नाम पर लगातार ट्रैक्टरों पर कार्रवाई से परेशान मटेरियल सप्लायरों ने काम को पूरी तरह से बंद करने का निर्णय लिया है। शनिवार को ट्रैक्टर यूनियन संघ की बैठक कोलियारी स्थित यूनियन के कार्यालय में हुई, जहां पर मटेरियल सप्लायरों ने सर्व सम्मति से बंद का निर्णय लिया है। ट्रैक्टर यूनियन के इस निर्णय का असर सबसे ज्यादा भवन निर्माताओं पर पड़ेगा। जिले में 20 हजार से ज्यादा प्रधानमंत्री आवास बन रहे हैं। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में निजी आवास, दुकान सहित अन्य निर्माण भी हो रहे हैं। इन निर्माण कार्यों में रेत सहित अन्य मटेरियल की सप्लाई हो रही है। ट्रैक्टर से सप्लाई बंद होने से इन निर्माण कार्यों पर विराम लगने की आशंका है।

स्मार्ट मीटर लगने के बाद समस्या और बढ़ी

# बिजली कर्मचारियों की चूक से उपभोक्ताओं को लग रहा करंट

- शिकायत के बाद कुछ उपभोक्ताओं को मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

चार सौ यूनिट हाफ बिजली की योजना बंद होने कारण पहले से बिजली उपभोक्ता परेशान हैं। वहीं विद्युत विभाग की चूक से कई उपभोक्ताओं की नींद उड़ी हुई है। कई उपभोक्ताओं की शिकायत है कि उन्हें काफी ज्यादा बिल थमा दिया गया है। शिकायत के बाद कुछ उपभोक्ताओं का बिल कम किया जा रहा है। कुछ उपभोक्ताओं का बिल थोड़ा भी कम नहीं किया गया है। अधिकांश उपभोक्ताओं ने तो शिकायत ही नहीं की है।

राज्य शासन द्वारा उपभोक्ताओं को पहले 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल का लाभ दिया जा रहा था। इस माह से इस योजना में कटौती कर दी गई है। अब उपभोक्ताओं को सिर्फ 100 यूनिट पर ही हाफ बिजली का लाभ मिल रहा है। इससे एक यूनिट भी ज्यादा खपत आने पर उन्हें पूरा का पूरा बिल पटाना पड़ रहा है। जिले में 2 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हैं। बिजली बिल ज्यादा आने से वे पहले ही परेशान हैं। कुछ उपभोक्ता ऐसे हैं, जो विभागीय कर्मचारियों की चूक के कारण परेशान हैं। उपभोक्ताओं ने बताया कि हाफ बिजली और टेरिफ बढ़ना तो ठीक है, लेकिन कर्मचारियों की चूक से बिजली ज्यादा आना उन्हें रास नहीं आ रहा है। शिकायत के बाद भी कई उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान नहीं किया गया है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद यह समस्या बढ़ गई है।

**केस 1**

अर्जुनी में एक युवक ने ग्राम पंचायत से दुकान ली है। उसने अभी दुकान खोली ही नहीं है। जुलाई माह में मीटर लगा। दुकान बंद रहने के कारण इस कनेक्शन पर बिजली खपत बिल्कुल नहीं हुई है और विद्युत विभाग ने उसे 4 हजार रुपए का बिल थमा दिया। उसने विभाग में शिकायत की, जहां से आश्वासन मिला है कि उसकी समस्या का समाधान जल्द ही किया जाएगा।

**केस 2**

कुरूद के जोरातराई में एक घर में फरवरी माह में स्मार्ट मीटर लगाया गया था। इस मीटर को विभाग की ओर से अपडेट नहीं किया गया था, जिसके चलते उपभोक्ता को हर माह 50 रुपए का एवरेज बिल दिया जा रहा था। उपभोक्ता ने जिद करके मीटर को अपडेट करवाया। इस माह उसे ढाई हजार रुपए का बिल थमा दिया। शिकायत के बाद भी बिल कम नहीं किया गया।

पांच लोगों की जमानत फिर खारिज, 17 की हो चुकी है मृत्यु

# शिक्षाकर्मी फर्जीवाड़ा के आधे आरोपी गिरफ्त से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जनपद पंचायत मगरलोड में हुए शिक्षाकर्मी भर्ती फर्जीवाड़ा का मामला लगातार सुर्खियों पर है। इस मामले में 100 से ज्यादा आरोपी हैं, जिसमें से 17 आरोपियों की मृत्यु हो चुकी है। वहीं 11 आरोपियों की जमानत खारिज हो चुकी है। इनमें पांच आरोपियों की जमानत गुरुवार को खारिज की गई है।

जनपद पंचायत मगरलोड में शिक्षाकर्मी वर्ग 3 की भर्ती में जमकर गड़बड़ी की गई है। कई नाबालिग, अपात्र और फर्जी प्रमाणपत्र के



आधार पर लोगों को शिक्षाकर्मी की नौकरी दे दी गई थी। लगातार शिकायत के बाद इसकी जांच शुरू हुई। जांच भी लंबी चली। अब इसमें कार्रवाई का दौर शुरू हो गया है। जानकारी के अनुसार इस मामले में 100 से ज्यादा आरोपी हैं। इसमें से आधे से ज्यादा आरोपी तो अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

वहीं पांच हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत पर है। 9 को रिमांड अवधि में जमानत मिली है। गिरफ्तारी और रिमांड पर पेश करने का सिलसिला जारी है। कई आरोपियों ने जिला सत्र न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन पेश किया था। जहां से उनकी अग्रिम जमानत खारिज हो चुकी है। गुरुवार को भी पांच लोगों की जमानत खारिज की गई है।

### इनकी जमानत खारिज

गुरुवार को न्यायाधीश रामकुमार तिवारी ने तत्कालीन महिला बाल विकास अधिकारी और वर्तमान सहायक संचालक महिला बाल विकास विभाग शिव कुमार सोनी, शिक्षाकर्मी जितेंद्री यादव, किशोर कुमार साहू, हरिशंकर साहू और उषा गायकवाड़ की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। इससे पहले तत्कालीन विकासखंड शिक्षाधिकारी एनआर साहू, शिक्षाकर्मी विद्या साहू, हेमंत कुमार साहू, ईश्वरी निर्मलकर, लैलम सिंह ध्रुव और पीताम्बर लाल साहू की जमानत अर्जी खारिज की जा चुकी है। इन मामलों में प्रार्थी कृष्णकुमार साहू ने अग्रिम जमानत खारिज करने की मांग न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर रखी थी। शासकीय अधिवक्ता मनोहर लाल क्षत्रीय ने जमानत आवेदन खारिज करने का पक्ष रखा था।

### इन्हें मिली अग्रिम जमानत

पांच लोगों ने बिलासपुर हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए याचिका लगाई थी। उन्हें वहां से अग्रिम जमानत मिली है। इनमें पूर्व जनपद अध्यक्ष श्याम साहू, सभापति नीलकंठ सिन्हा, सभापति नारायण साहू, सभापति नारायण लाल ध्रुव, शिक्षाकर्मी लता साहू शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 7 लोगों को रिमांड अवधि में जमानत मिली है। इनमें तत्कालीन सीईओ कमलकांत तिवारी को बिलासपुर हाईकोर्ट से जमानत मिली है। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कोमल यदु, शिक्षाकर्मी ईशुकुमार साहू, सीताराम कुर्रे, इंदरमन बारले, लखनलाल साहू और अशोक अंसारी को जिला सत्र न्यायालय धमतरी से जमानत मिली है।





## खबर संक्षेप



### राजपुर में श्रीमद् भागवत कथा पुराण जारी

**मगरलोड**। ग्राम राजपुर में शारदीय नवरात्रि पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ 28 सितम्बर तक चलेगा। कथावाचक महंत गोवर्धन शरण सिरकट्टी आश्रम कुटेना पाण्डुका हैं। 22 सितंबर सोमवार को प्रथम दिवस गोकर्ण आख्यान, वराह अवतार, 23 सितम्बर को ध्रुव चरित्र, वामन अवतार, नरसिंह अवतार, 24 सितम्बर को श्रीराम अवतार, श्रीकृष्ण अवतार कथा, 25 सितम्बर चतुर्थ दिवस को नंद उत्सव, बाललीला, माखनचोरी कथा, 26 सितम्बर को गिरिराज पूजा, रासलीला, 27 सितम्बर को रूक्मणि मंगल कथा प्रसंग हुआ। यह आयोजन कन्हैयालाल निषाद व ग्रामीणों द्वारा किया गया है।

### सेमरा डी में आज सांस्कृतिक कार्यक्रम



**डांडेसरा(धमतरी)**। नव दुर्गोत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सेमरा डी में 28 सितंबर रविवार को जितेन्द्र साहू कृत छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था सोनहाबादर ग्राम चिटौद जिला बालोद का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश रामू रोहरा होंगे। अध्यक्षता महेन्द्र पंडित करेंगे। विशिष्ट अतिथि श्रीमती अंगिरा ध्रुव, श्रीमती धनेश्वरी साहू होंगी।

पैकेट पर बायो और जैविक इंग्रीडिएंट्स लिखकर घातक रसायन बेचे जाने की आशंका

# ग्रामीण बाजारों में जैविक के नाम पर अन्य खाद-कीटनाशक की बिक्री

गोपी कश्यप ⏭ नगरी

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में किसानों को जैविक उत्पादों के नाम पर बेचे जा रहे खाद और कीटनाशकों को लेकर चिंता बढ़ रही है। कई ऐसे उत्पाद बाजार में उपलब्ध हैं, जिन पर पैकेट पर बायो और जैविक इंग्रीडिएंट्स लिखकर घातक रसायन बेचे जाने की आशंका है, लेकिन उनके प्रमाणपत्र और वैज्ञानिक प्रमाण अस्पष्ट है।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. गजेंद्र चंद्राकर ने बताया कि किसानों को हमेशा प्रमाणित और परीक्षणित जैविक उत्पाद ही खरीदने चाहिए। उनके अनुसार बाजार में बिक रहे कई उत्पादों में रासायनिक तत्वों की संभावना है और इनका फसल और मिट्टी पर असर पड़ सकता है। डॉ. चंद्राकर ने कहा कि मैंने स्वयं कई ब्रांड के उत्पादों का परीक्षण किया, उनमें रासायनिक तत्व पाए गए। विभागीय जांच से और खुलासे हो सकते हैं।



### भुगतान करते समय सतर्क रहे

किसान एवं आदिवासी नेता जितेंद्र मंडावी ने कहा कि यदि कंपनियां किसानों को इस तरह गुमराह कर रही हैं, तो किसान उधारी पर खरीदी किए गए उत्पादों का भुगतान करते समय सतर्क रहें। उन्होंने डीलरों से भी अनुरोध किया कि कम्पनियों को ऐसे उत्पादों के भुगतान में किसी भी तरह का जोखिम न लें।

### उत्पादों की बिक्री और बिलिंग पारदर्शी

छतीसगढ़ में बड़े पैमाने पर जैविक कृषि उत्पादों का व्यापार कर रहे भूमि एग्रो इंडस्ट्रीज के छत्तीसगढ़ रीजनल मैनेजर श्री तिवारी ने बताया कि उनकी कंपनी के सभी उत्पाद संपूर्ण जैविक गुणवत्ता के साथ वैधानिक प्रमाणपत्र और जीएसटी नियमों का पालन कर रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कंपनी अपने उत्पादों की बिक्री और बिलिंग के मामले में पूरी तरह पारदर्शी है। उन्होंने चर्चा में यह कहा कि अगर कोई कम्पनियां छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ ऐसा कर रही हैं तो उनकी जांच और कार्रवाई होनी ही चाहिए।

### कार्रवाई की जाएगी

उपसंचालक कृषि रायपुर ने कहा कि यदि बाजार में इस तरह के विवादित उत्पाद बिक रहे हैं, तो विभागीय अमले के माध्यम से सैंपलिंग और अधिकृत लैब में परीक्षण कराया जाएगा। नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# माता की भक्ति में डूबे नगरवासी जगह-जगह जल रहे आस्था के दीप

- सुख समृद्धि की मनोकामना लेकर माता रानी के दरबार में पहुंच रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

नौ दिनों तक चलने वाली इस शारदीय नवरात्रि पर नगर में जगह जगह आस्था के दीप प्रज्ज्वलित हो रहे है। वहीं माता की भक्ति में पूरे नगरवासी डूबे हुए हैं। इस शारदीय नवरात्रि पर नगर के साथ पूरा अंचल भक्तिमय हो गया है। श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर माता के दरबार में सुबह-शाम पूजा-अर्चना करने पहुंच रहे हैं और अपनी श्रद्धा भक्ति के साथ माता रानी को चढ़ावा भी चढ़ा रहे हैं। इधर सेवा मंडली भी बाजे- गाजे के साथ मां के पंडालों में पहुंचकर माता की भक्तिमय गीत के माध्यम से माता की सेवा में हर शाम लगे हुए हैं। जहां माता की पूजा में हो रही धूपबत्ती से पूरा वातावरण सुगंधमय हो रहा है, वहीं कर्णप्रिय भक्तिमय गाने से मन में अलग ही आनंद छाया हुआ है। माता के पंडालों को लाईट से सुसज्जित किया गया है। माता के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। नगर में जगह जगह भक्तों के लिए गरबा, रामसत्ता, सेवागीत, जसजीत जैसे भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वहीं दर्शकों की भीड़ देखते ही बन रही है। माता की सेवा में बैठे पण्डों ने बताया कि नगरवासी सच्ची श्रद्धा भक्ति के साथ माता की सेवा में जुटे हैं और सुख समृद्धि की मनोकामना लेकर माता रानी के दरबार में पहुंच रहे हैं।



## शिक्षक नान्हूराम को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

शासकीय माध्यमिक शाला भैंसमुंडी में पदस्थ शिक्षक व संकुल केन्द्र गुदगुदा के पूर्व समन्वयक नान्हूराम कंवर को शासकीय माध्यमिक शाला टिपानी स्थानांतरण होने पर शाला परिवार द्वारा विदाई दी गई। स्कूल के शिक्षकों ने उनके द्वारा मिले सहयोग और योगदान पर प्रकाश डाला। शिक्षक नान्हूराम कंवर ने शाला में बिताये 15 वर्षों का अनुभव साझा किया। इस अवसर पर जगमोहन साहू प्रधानपाठक ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में न्योता भोज भी कराया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश यादव सरपंच, जानकी यादव उपसरपंच, राधिका चंदाकर सेनि शिक्षक, शकुंतला साहू सेनि प्रपा, जगमोहन साहू प्रधानपाठक, आरके टांडे प्रभारी प्राचार्य, भेषज साहू प्रपा, उत्तरा निर्मलकर प्रपा, मनोज नेताम संकुल समन्वयक, एनआर बघेल वरिष्ठ शिक्षक, पूर्णिया लहरे, मंजुषा बंजारे, लोकपाल साहू, दीपक वर्मा, विनीता देशमुख, भावना लावत्रे, गोविन्द साहू, रेखचंद लावत्रे, शिप्रा कन्नौजे, पोखराज साहू अध्यक्ष, देवलाल साहू अध्यक्ष समेत अन्य मौजूद रहे।

# पीआईसी बैठक : नगर विकास से जुड़े 6 एजेंडे पर लिए गए निर्णय

- जीएसटी में कमी पर केंद्र सरकार के नाम अभिनंदन प्रस्ताव पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

नगर पंचायत कुरूद से नगर पालिका बनने के बाद आयोजित पीआईसी की प्रथम व नवगठित परिषद की तीसरी बैठक में नगर की समृद्धि और प्रगति के लिए महत्वपूर्ण 6 बिंदुओं वाले विकासपरक एजेंडों पर चर्चा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया।

अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चन्द्राकर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जीएसटी में की गई कमी का स्वागत करते हुए अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया गया। नगरपालिका ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे आमजन और व्यापार जगत के लिए ऐतिहासिक निर्णय बता इससे व्यापार को नई रफ्तार के साथ आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जताई। बैठक में कर्मचारी सेटअप एवं रिक्त पदों की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव राज्य शासन को भेजने का निर्णय लिया गया। वार्ड 15 में नाली निर्माण कार्य को मंजूरी दी गई। कुरूद प्रेस क्लब भवन निर्माण हेतु 20 लाख रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा गया। वार्ड 14 में पेंशनर भवन सांस्कृतिक परिसर में बाउंड्रीवाल निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया। इसके साथ ही खेल मैदानों एवं शासकीय भवनों की देखरेख का जिम्मा पंजीकृत समितियों को सौंपने का फैसला लिया। अध्यक्ष-पार्षद निधि के माध्यम से छोटे-मोटे मरम्मत कार्यों व नगर विकास को स्वीकृति दी गई। बैठक में विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, सभापति मिथिलेश बैस, महेंद्र गायकवाड़, सितेश सिन्हा, राजकुमारी ध्रुव, सीएमओ महेंद्र गुप्ता, इंजीनियर श्री सिन्हा और नगरपालिका कर्मचारीगण शामिल हुए।



## रावनगुड़ा में जस झांकी आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

बाल समाज दुर्गोत्सव समिति द्वारा ग्राम रावनगुड़ा में आज 28 सितंबर को बाल गंगा जस झांकी परिवार भेण्ड्री और 1 अक्टूबर को जय महाकाली जस एवं फाग झांकी मंडली भोथली धमतरी की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में जीवराखन साहू, चंदन साहू, मोकेन्द्र साहू, सुरीत साहू, रामानंद साहू, राधे साहू, कृष्ण यादव, शंभू साहू, आकाश साहू, भूषण, त्रिलोक यादव, मोहन साहू, टिकेश्वर यादव, धर्मेंद्र यादव, लीलेश साहू, हेमनाथ, नरेश, जमुना यादव जुटे हुए हैं।



## योग शक्ति भवन में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र मगरलोड के योगशक्ति भवन में त्रिस्तरीय पंचायतीराज व्यवस्था के तहत नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, विशिष्ट अतिथि जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू, टीकाराम कंवर सभापति जिपं, मीना साहू सभापति जिपं, राखी साहू अध्यक्ष सरपंच संघ मगरलोड, लीलेश साहू अध्यक्ष नपं मगरलोड थे। अध्यक्षता वीरेंद्र साहू अध्यक्ष जपं मगरलोड ने की। श्री सार्वा ने कहा कि इस धरती पर समस्त मानव भाई-भाई है। पूरा विश्व एक परिवार है। जिला संचालिका सरिता दीदी ने कहा कि मनुष्य का जीवन आना और जाना है। स्मृति और विस्मृति उनके साथ जुड़ी रहती है। अध्यात्म के बाद ही साइंस है। यह स्थान अध्यात्म और साइंस का सामंजस्य बताता है। परमात्मा ने जो ज्ञान दिया, वह अंधविश्वास और अंध श्रद्धा का नहीं बल्कि एक तर्कसंगत ज्ञान है। यहां का ज्ञान हमारे चरित्र को बनाता है। गौकरण साहू ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कार ये तीनों जीवन का मूल आधार है। वीरेंद्र साहू ने आभार व्यक्त किया।



नवरात्रि का पर्व शक्ति और विजय का प्रतीक : बीके सरिता

# चैतन्य झांकी देखने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र जीजामगांव के तत्वावधान में चैतन्य देवियों की अद्भुत और अलौकिक झांकी का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि राजयोगिनी सरिता दीदी संचालिका धमतरी क्षेत्र जोनल को-ऑर्डिनेटर कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग व विशिष्ट अतिथि श्रीमती गंगा साहू जनपद सदस्य, देवचरण चंद्राकर सरपंच, योगेंद्र मारकंडे प्राचार्य, श्रीमती नीलिमा साहू, श्रीमती मोनिका गोस्वामी, डॉ. ललित निषाद, भूपेंद्र नेताम थे।

बीके सरिता ने बताया कि नवरात्रि का पर्व संपूर्ण भारत में धूमधाम से मनाया जाता है जो शक्ति और विजय का प्रतीक है। जगराता का अर्थ है आत्म स्मृति को जगाना और परमात्मा की पहचान करना। उपवास का अर्थ है भगवान की याद में रहकर सर्व प्राप्ति करना और विजय को प्राप्त करना। नवदुर्गा देवियों को शिव की शक्ति भी कहा जाता है।

योगेंद्र मारकंडे ने चैतन्य देवियों की झांकी को अद्भुत और अलौकिक बताया और कहा कि वास्तव में देवियों की ऐसी एकाग्रता से हमें यही शिक्षा मिलती है कि इन्होंने अपने जीवन में त्याग, तपस्या और सेवा को धारण किया है तो हमें भी अपने जीवन को उज्ज्वल बनाने का संकल्प लेना चाहिए। भूपेन्द्र नेताम ने झांकी को अद्भुत बताया और कहा कि वास्तव में ब्रम्हाकुमारी बहनें चैतन्य में देवी समान लग रही हैं जिनको हम मंदिरों में पूजते हैं।

ब्रम्हाकुमारी सेवा केंद्र जीजामागांव की संचालिका बीके रेखा ने आभार व्यक्त किया। उन्होंने ग्रामवासियों को सहज राजयोग का निःशुल्क कोर्स करने का निमंत्रण भी दिया।





### खैरा में रामलीला का आयोजन आज से

**कुरूद**। श्रीराम लीला व नाट्य मंडली खैरा की 50वीं वर्षगांठ स्वर्ण जयंती के अवसर पर 5 दिवसीय रामलीला व नाट्क का आयोजन 28 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक किया जा रहा है। 28 सितंबर रविवार को जय मां शीतला रामधुनी मंडली ओदरागहन दुर्ग कथा प्रसंग रानी चांगुना झांकी, 29 सोमवार को आदर्श बाल समाज लीला मंडली रींवागहन भखारा कथा प्रसंग महिसासुर वध, 30 सितंबर को महादेव नाट्य कला मंडली लुगे मगरलोड कथा प्रसंग श्रीकृष्ण बाललीला, 1 अक्टूबर को श्रीराम लीला व नाट्य मंडली खैरा कुरूद कथा प्रसंग सती नाग चम्पा एवं अंतिम दिवस 2 अक्टूबर को श्रीराम लीला व नाट्य मंडली खैरा कुरूद कथा प्रसंग चरणदास चोर, रावण वध की प्रस्तुति होगी।

## अंचल की खबरें

### भाजपाइयों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय को किया याद



**कुरुद**। भाजपा के संस्थापक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109वीं जयंती पर कुरुद के पुराना बाजार चौक स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर भाजपाइयों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और समाज के कमजोर तबके के उत्थान के लिए उनके प्रयास को याद किया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, वरिष्ठ नेता लोकेश्वर सिन्हा, भोजराज चन्द्राकर, प्रेमसाहू, चैनसिंह साहू, शेखर चन्द्राकर, प्रभात बैस, हरिशंकर साहू विकास चन्द्राकर, थनेश्वर निषाद, खमबलाल चन्द्राकर, कमलेश चन्द्राकर, पार्षदगण कविता चन्द्राकर, राजकुमारी ध्रुव, पूर्व पार्षदगण भारती पंचायन, यमुना कंवर व भूमिका सिन्हा, ममता साहू, वर्षा निर्मलकर उपस्थित थे।

### तहसील साहू संघ भखारा के कामताप्रसाद अध्यक्ष बने



**अंवरी**। तहसील साहू संघ भखारा का चुनाव हुआ। अध्यक्ष कामताप्रसाद साहू, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, महिला उपाध्यक्ष श्रीमती दमयंती साहू, संगठन सचिव जितेन्द्र साहू, महिला संगठन सचिव श्रीमती भारती साहू बनाए गए। जिला अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

### विधायक निधि से कुहकुहा में होगा विकास कार्य



**सिर्री**। ग्राम पंचायत कुहकुहा में विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। विधायक अजय चंद्राकर की अनुशंसा से विधायक निधि से कुहकुहा में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज सामुदायिक भवन 6.50 लाख, सीसीरोड निर्माण कार्य सब स्टेशन से भरदा तक 7.80 लाख, रंगमंच भवन का निर्माण सोम साहू घर के पास 4 लाख से बनाया जायेगा। ग्रामवासियों ने विभिन्न कार्यों की स्वीकृति पर विधायक का आभार व्यक्त किया। इन कार्यों का भूमिपूजन सरपंच रूपेश निर्मलकर ने किया। मौके पर उपसरपंच राजीव साहू, गीताजंलि साहू, कमलेश्वरी साहू, गणेश यादव, भानूराम साहू, शंकुन्तला साहू, मीना साहू, राधिका निषाद, दुरपत यादव, कुमुदनी ध्रुव, हितेश साहू, कमल यादव, अम्बिका साहू, संतोषी ध्रुव, रूकसत साहू, रूपेन्द्रकुमार, नरेन्द्र साहू, रोजगार सहायक जागेश्वरी नेताम सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### बिरेझर में महिला कमांडो का गठन



**जीजामगांव**। ग्राम पंचायत बिरेझर में पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया व महिला कमांडो का गठन भी हुआ। सरपंच श्रीमती नेहा साहू, सचिव चंद्रप्रकाश साहू, भागवती साहू, धर्मिन साहू, पुष्पा साहू, गीता विश्वकर्मा, चमेली साहू, दुर्गा साहू, मुन्नी साहू, कौशिल्या साहू, रमशीला कुर्रे, भगवती साहू, भारती सेन ने नशामुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लिया।

### समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित



**अंवरी**। गुरुवार को भाजपा कार्यालय कुरुद में विधायक अजय चंद्राकर ने विभिन्न क्षेत्र में सामाजिक कार्य करने वाले भखारा भठेली के 5 लोगों को स्मृति चिन्ह, शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं जुगाड़बंदी के लिए भुवन निर्मलकर, यूट्यूबर एवं साहित्य सेवा के लिए माधुरी डड़सेना, स्टेज परफॉर्मेंस के लिए जीतू जैन, शिक्षा एवं समाजसेवा के क्षेत्र में बिंझवार राम साहू, नक्सलाइट उन्मूलन पुलिसिंग के लिए रामकुमार डहरिया सम्मानित हुए।

### बेलरगांव के ग्रामीणों ने अजगर पकड़ा



**नगरी**। आवासपारा बेलरगांव में ग्रामीणों ने एक सूने मकान में विशाल अजगर देखा। अचानक अजगर की मौजूदगी से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बन गया। ग्रामीण सतर्कता के साथ अजगर को सुरक्षित तरीके से पकड़ने में सफल हुए। इसके बाद उसे वन विभाग को सौंप दिया गया। ग्रामीणों की तत्परता और समझदारी से अप्रिय घटना टल गई। वहीं वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों के सहयोग की सराहना करते हुए अजगर को सीतानदी अभ्यारण के जंगल में छोड़ा।

## भक्तों ने शोभायात्रा निकालकर शीतला माता को छप्पन भोग अर्पित किया

# सिहावा शीतला शक्तिपीठ में पंचमी महोत्सव मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

क्वांर नवरात्रि पर खराब मौसम के बावजूद दर्शनार्थियों की भीड़ शीतला शक्ति पीठ सिहावा में रही। सुबह से देर शाम तक दर्शनार्थियों का तांता लगा हुआ था। शनिवार को पंचमी महोत्सव मनाया गया। माता शीतला का विशेष सोलह श्रृंगार कर महाआरती की गई। भक्तों ने शोभायात्रा निकालकर शीतलामाता को छप्पन भोग अर्पित किया। सिहावा विधायक, एसडीएम प्रीति दुर्गम सहित दूर-दूर से आये श्रद्धालुओं ने मां शीतला माई का कतारबद्ध होकर दर्शन लाभ लिया। श्रीफल, श्रृंगार सामग्री चढ़ाई। ऋषि पंचमी समिति गणेश घाट सिहावा, ठाकुरदेव माता सेवी मण्डली मल्हारी सहित विभिन्न माता सेवा मण्डलियों ने पंचमी महोत्सव पर पचरंगा सहित विभिन्न जस गीत गायन कर माता सेवा की।



आचार्य चंद्रहास दुबे ने बताया कि पंचमी तिथि को स्कंदमाता माता की पूजा की जाती है। स्कंदमाता भगवान कार्तिकेय की माता है। इस दिन माता का सोलह श्रृंगार कर पूजा अर्चना करना विशेष फलदायी होता है।



शीतला शक्ति पीठ सिहावा के अध्यक्ष कैलाश पवार ने बताया कि शारदीय नवरात्रि में इस बार कुल 2 हजार 330 ज्योति प्रज्वलित हो रही है। रविवार, सोमवार को जसगीत झांकी कार्यक्रम होगा। इस वर्ष भी कुलदीप साहू, यशवंत साहू, स्वप्निल यदु, हरीश यादव, मिथलेश कश्यप, होरीलाल साहू, राजीव साहू, प्रेम साहू, धर्मेंद्र सिन्हा, राकेश साहू, मिथलेश साहू, किशन गजेन्द्र, भरत लहरे ने पंचमी पर शीतला माता को छप्पन भोग लगाकर विशाल भंडारा का आयोजन किया। नवरात्रि के तृतीय दिवस से प्रतिदिन भोजन दानदाताओं द्वारा भोजन प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। तृतीय दिवस बुधवार को गुंजा तिवारी, केदार तिवारी रायपुर, गुरुवार को स्व. याचना सिन्हा की स्मृति में पंकज सिन्हा देवपुर, शुक्रवार को कीर्ति नाग की स्मृति में हेमनाथ नाग द्वारा भोजन प्रसादी का वितरण किया गया। गणेशघाट सिहावा में विराजित महामाई की नवरात्रि पर रोजाना पूजा आरती की जा रही है। पंचमी के दिन ऋषि पंचमी समिति गणेश घाट ने पचरंगा सुनाकर माता की सेवा की।

## माता सेवा में लगे पंडा ने की आत्महत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

गांव में स्थापित दुर्गा पंडाल में पंडा बने युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। शहर समेत ग्रामीण अंचल में नवरात्रि की धूम मची हुई है। लोग माता की भक्ति में लगे हुए हैं। ऐसे में दुर्गा पंडाल में पंडा के रूप में सेवा दे रहे युवक द्वारा अचानक आत्महत्या कर लेने की घटना से पूरा गांव गमगीन हो गया है।

अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम धौराभाठा की दुर्गात्सव समिति ने इस नवरात्रि पर भाठापारा में स्थित दुर्गाचौक में पंडाल सजाकर माता की प्रतिमा विराजित की है। ग्रामीण पूरी श्रद्धा से माता की भक्ति कर रहे हैं। दुर्गा पंडाल में गांव के विनोद ध्रुव पिता लीलाराम उम्र 30 वर्ष पंडा के रूप में माता की सेवा कर रहा था। शुक्रवार की दोपहर बाद विनोद लघुशंका के लिए पास में स्थित एक मकान में गया था, जहां युवक ने छप्पर में लगी लकड़ी के पटिया में गमछा का फंदा बना फांसी लगा ली। घटना की खबर लगते ही गांव में शोक की लहर फैल गई। घटना की सूचना अर्जुनी थाना को दी गई। पुलिस तत्काल धौराभाठा पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को फंदे से उतरवाकर जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने शनिवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। युवक द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### तीन चार दिनों से गुमसुम था युवक

बताया गया कि मृतक विनोद राजमिस्त्री का काम करता था। अविवाहित था। इस घटना से पहले भी युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया था। मृतक तीन चार दिन से गुमसुम रह रहा था।

## सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध ने दम तोड़ा

**धमतरी।** शुक्रवार की शाम किशुनराम साहू पिता धुर्राराम उम्र 65 वर्ष ग्राम चंदनबिरही थाना पुरुर निवासी अपनी मोपेड क्र. सीजी 24 पी 9068 से बाजार के लिए गांव के भैयाराम सोरी के साथ निकला था।



नेशनल हाईवे पुट्टू ढाबा के पास तेज रफ्तार कार क्र. सीजी 04 एलजे 3399 ने मोपेड को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में मोपेड सवार किशुनराम व भैयाराम गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर किशुन के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। घायल वृद्ध की गंभीर हालत को देख परिजन उसे रिफर कराकर एक निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान घायल वृद्ध की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने शनिवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। बताया गया है कि घटना के बाद चालक कार सहित मौके से भाग गया। घटना में घायल भैयाराम का इलाज चल रहा है।

# आमदी भट्ठी के पास अवैध अहाता संचालकों की नामजद शिकायत

**एक साल का 19 लाख में ठेका, आबकारी विभाग की कार्यशैली पर सवाल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर पंचायत आमदी में स्थित देसी-विदेशी मदिरा दुकान के अहाता ठेकेदार आबकारी विभाग के रवैये से त्रस्त हैं। बार बार शिकायत के बाद भी अवैध अहाता संचालकों पर कोई कार्रवाई नहीं होने की शिकायत अब कलेक्टर से की है।

आमदी मदिरा दुकान की अनुज्ञप्तिधारी भूषण गुप्ता ने कलेक्टर के नाम शिकायत पत्र में कहा है कि आमदी देसी विदेशी मदिरा दुकान का वार्षिक ठेका लिया है जिसके साल की लाइसेंस फीस 18 लाख 91 हजार 800 रुपये है। आमदी निवासी नंदकुमार, भूषणलाल, भीखम, गन्नूराम, कन्हैयाराम, श्यामलाल, धनंजय मदिरा दुकान के मुख्य मार्ग स्थित कृषि जमीन पर झोपड़ीनुमा शेड बनाकर अवैध रूप से अहाता चला रहे हैं। विगत दो वर्ष से वे अपने शेड में मादक पदार्थ, मांस, मछली, अंडा, डिस्पोजल आदि का अवैध रूप से संचालन के साथ लोगों को बिठाकर शराब का सेवन करा रहे हैं। इससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि अवैध अहाता संचालन से नगर के कृषक खेती किसानी के लिए खेत जाने पर शराबियों की गाली-गलौज से परेशान है। महिलाओं को छींटाकशी का शिकार होना पड़ता है। आमदी अहाता के लाइसेंसी ठेकेदार ने कलेक्टर को लिखे आवेदन में अवैधानिक रूप से अहाता संचालन करने वालो पर कार्रवाई करते हुए अवैध अहाता को पूर्ण रूप से बंद कराने की मांग की है।



# मां चंडी का आशीर्वाद लेकर तारिणी ने मनाया अपना जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री व प्रदेश सचिव तारिणी चंद्राकर को जन्मदिन की बधाई देने दिनभर उनके शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। लोगों ने सोशल मीडिया के अलावा उनसे प्रत्यक्ष मुलाकत कर उनकी सुखद दीर्घायु की कामना की। तारिणी ने इस बार अपना जन्मदिन चंडी मंदिर में भक्तों को महाप्रसादी वितरण कर मनाया।

■ श्रद्धालुओं को वितरित किए महाप्रसादी

26 सितंबर को पूर्व जिला पंचायत सभापति श्रीमती तारिणी चंद्राकर का जन्मदिन था। नवरात्रि की पंचमी तिथि पर उन्होंने नगर की आराध्य देवी माता चंडी के दरबार में पूजा अर्चना कर अपने जन्मदिन की शुरुआत की। मंदिर में आने वाले भक्तों के लिए भंडारा का आयोजन किया। उन्हें सैकड़ों लोगों ने दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। उसके बाद उनके निजी ट्रैक्टर शोरूम के संचालक एवं जिपं सदस्य नीलम चन्द्राकर के साथ, मित्रों, परिजनों, वरिष्ठजनों, सहयोगियों, कार्यकर्ताओं, नीलम फ्रेंड्स क्लब के साथियों की मौजूदगी में केक काट अपना जन्मदिन मनाया। बदले में उन्हें आशीर्वाद और बच्चों से प्यार का रिटर्न गिफ्ट मिला।

इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रमेशर साहू, जनपद सदस्य लिली श्रीवास, पार्षद रजत चन्द्राकर, अर्जुन ध्रुव, उर्वशी चन्द्राकर, रवि शर्मा, मोन्टू चन्द्राकर, महिम शुक्ला, चंद्रप्रकाश देवांगन, लेखराम साहू, कोमल साहू, उमेश कंडरा आदि उपस्थित थे।

### लोगों से मिल रहे स्नेह के प्रति कृतज्ञ हूं : तारिणी

इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज का दिन मेरे लिए खास है। मुझे कुरुद विधानसभा के लोगों का स्नेह, बुजुर्गों का आशीर्वाद और बच्चों का प्यार मिला है। इसके अलावा विभिन्न माध्यम से जन्मदिन पर प्राप्त शुभकामना, आत्मीय संदेशों से में अभिभूत हूं। नगर एवं क्षेत्रवासियों ने मेरे प्रति जो असीम स्नेह दिखाया, उसके लिए कृतज्ञ हूं।

## ट्रेलर की ठोकर से बाइक सवार घायल



**धमतरी।** भखारा मार्ग से गुजर रहे बाइक सवार को तेज रफ्तार ट्रेलर ने ठोकर मार दी। घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार दुधावा के छप्परपारा निवासी दीपक साहू बैंकिंग फील्ड से संबंधित कार्य करता है। इसी सिलसिले में युवक शुक्रवार को बाइक क्रमांक सीजी 19 बीएस 3966 से कुरूद आया था। युवक कुरूद से गुजरा होते हुए धमतरी की ओर आ रहा था। इसी दौरान ट्रेलर क्रमांक सीजी 17 एलए 6661 ने ग्राम गुजरा के पास बाइक सवार युवक को ठोकर मार दी। ट्रेलर की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका एक पैर फ्रेक्चर हो गया। वहीं बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों की मदद से घायल को गुजरा अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया। यहां से घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# प्रधान आरक्षक पर समाजसेवी से दुर्व्यवहार करने का आरोप




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एफआईआर कराने गए समाजसेवी के साथ प्रधान आरक्षक द्वारा दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।

रेडक्रास सोसायटी के वाइस चेयरमेन व समाजसेवी शिवा प्रधान ने भखारा थाना प्रभारी को नामजद शिकायत आवेदन सौंपा है। शिकायत में उन्होंने कहा है कि 27 सितंबर को गुजरा के पास हुए सड़क हादसे की एफआईआर कराने वह घायल युवक के भाई किशन साहू के साथ शनिवार को भखारा थाना गया था। वहां पदस्थ एक हेड कांस्टेबल ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया। शिवा प्रधान ने थाना प्रभारी से घटना की जांचकर उचित कार्रवाई करने का निवेदन किया है। श्री प्रधान ने बताया कि शुक्रवार को गुजरा के पास हुए सड़क हादसे की रिपोर्ट करने भखारा थाना गया था जहां थाना प्रभारी का सहयोगात्मक व्यवहार रहा। एफआईआर कराने के दौरान थाना में पदस्थ हवलदार उनके साथ बदतमीजी से पेश आया और उन्हें थाने से भाग जाओ कहा। समाजसेवी ने थाना प्रभारी व एसपी से कार्रवाई की मांग की है। कार्रवाई नहीं होने पर गृहमंत्री से शिकायत की जाएगी।

## जिला प्रशासन एवं एबीस की सहयोगी कंपनी के मध्य हुआ एमओयू

# मछली पालन कर जिले के किसान बनेंगे आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन एवं राजनांदगांव स्थित एबीस कंपनी की सहयोगी कंपनी द एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टिट्यूट नई दिल्ली के बीच मछली पालन को प्रोत्साहित करने हेतु द्विपक्षीय एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर कंपनी के प्रतिनिधियों ने किसानों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी दी और मछलियों की खरीदी और ट्रेनिंग की जिम्मेदारी लेने का आश्वासन दिया।



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंगरेल बांध एवं आसपास के गांवों के मछली पालकों को मछलीपालन की उन्नत विधियों से जोड़ते हुए विभागीय योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाया जाए। श्री मिश्रा ने कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक में कहा कि जिले में फसल चक्र परिवर्तन को बढ़ावा दिया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर कम जल मांग वाली फसलों की ओर किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिले की भौगोलिक स्थिति मक्का उत्पादन के लिए अनुकूल है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगरी विकासखंड में 1000 हेक्टेयर, मगरलोड में 500 हेक्टेयर तथा धमतरी में 500 हेक्टेयर रकबे में मक्का फसल लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बैठक में पीएमएफएमई योजनांतर्गत दाल मिल, तेल मिल, आटा चक्की सहित अन्य यंत्रों के लिए प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए, ताकि स्थानीय उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। प्रत्येक विकासखंड में 20-20 प्रकरण तैयार करने को कहा गया है। इसके साथ ही दलहन-तिलहन, लघु धान्य फसलें, ऑयल पाम एवं मखाना जैसी नवाचार फसलों को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। कलेक्टर ने पीवीटीजी कृषकों को बांस रोपण के लिए प्रेरित करने तथा एग्रीस्टेक, किसान पोर्टल एवं कैरी फॉरवर्ड से संबंधित समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने पर बल दिया। जिला प्रशासन के प्रयास से जिले के किसान मछलीपालन, मक्का उत्पादन एवं नवाचार खेती के माध्यम से आत्मनिर्भर बनेंगे और आर्थिक उन्नति की दिशा में एक नई पहचान स्थापित करेंगे।

## अंचल की खबरें

### सिर्री में पंचमी पर हुआ माता का विशेष श्रृंगार



**सिर्री।** ग्राम सिर्री के स्कूल चौक में जय अम्बे मां दुर्गा युवा समिति एवं ग्रामीणों के सहयोग से मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। 27 सितंबर को पं. करण शर्मा द्वारा विधिवत पूजन आरती की गई। माता को पंचमी पर श्रृंगार चढ़ाया गया। माता की सेवा में पंडा सहित समिति के समस्त जुटे हुए हैं।

### शीतला मंदिर प्रांगण में जल रहे आस्था के दीप

**नगरी।** शीतला मंदिर प्रांगण में ग्राम सराईटोला, टिकरापारा, गुडरापारा एवं गुहाननाला के श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। इस आयोजन में भक्ति और उत्साह का अद्भुत वातावरण रहा, जहां दीपों की ज्योति ने मंदिर प्रांगण को आलोकित कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिहावा विधायक थीं। अध्यक्षता हृदयराम नेताम सरपंच सराईटोला ने की। विशेष अतिथि प्रमोद कुंजाम जनपद सदस्य नगरी, शिव परिहार कांग्रेस अध्यक्ष गट्टासिल्ली, सोमनाथ नेताम पूर्व सरपंच सराईटोला, कीर्ति मरकाम पूर्व जनपद सदस्य गट्टासिल्ली, लताबाई मरकाम उपसरपंच सराईटोला, हेमंत ठाकुर प्रधान पाठक सराईटोला, गंगाराम नेताम जगराम, देवराम मरकाम ग्रामीण अध्यक्ष, रामप्रसाद नेताम, कांत प्रसाद मरकाम, लतेल मरकाम शीतला मंदिर पुजारी समेत अन्य मौजूद थे।

### श्यामाप्रसाद का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत



**नगरी।** भाजपा द्वार सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और संगोष्ठी आयोजित की गई। जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया और उनके राष्ट्रहित में किए गए योगदान को याद किया। वक्ताओं ने डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के विचारों और उनकी राष्ट्रनिष्ठा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन हम सबके लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक, पूर्व नपं अध्यक्ष नागेन्द्र शुक्ला, नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, नपं उपाध्यक्ष विकास बोहरा, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, महामंत्री रूपेंद्र साहू, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, जनपद सदस्य राजेश गोसाई, महेंद्र नेताम, राजेश कोर्राम, मनीष शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### मौहाबाहरा में डे नाइट कबड्डी स्पर्धा शुरू



**नगरी।** ग्राम पंचायत मौहाबाहरा के न्यू स्टार कबड्डी क्लब, सर्व युवा संगठन एवं ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच भुनेश नेताम थे। अध्यक्षता न्यू स्टार कबड्डी क्लब अध्यक्ष टिकेश नेताम ने की। विशेष अतिथि उपसरपंच संतोष मरकाम, राजू पटेल, ग्राम अध्यक्ष देवीराम मरकाम, ग्राम पटेल राहुल मरकाम, ग्राम प्रमुख चैनसिंह नेताम, कन्हैयालाल मंडावी, सत्यप्रकाश नेताम, सुमेरसिंह मरकाम, आसिंग मरकाम, बैदराज भुनेश्वर नेताम, भानु मंडावी, भगवानसिंह यादव थे। प्रतियोगिता में न्यू स्टार कबड्डी क्लब के सहदेव मरकाम, पुनारद नेताम, पोखन नेताम, फलेन्दर यादव, डोमन मरकाम, तोमेश कुंजाम, विजय मरकाम, विमल यादव, जितेन्द्र मरकाम जुटे हुए हैं।

### कोर्रा में पं. दीनदयाल उपाध्याय को किया नमन



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम पंचायत कोर्रा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 109 वीं जयंती मनाई गई। भाजपा युवा मोर्चा भखारा मंडल अध्यक्ष चोवा राम साहू की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। कोर्रा के बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। ग्राम कोर्रा स्थित गार्डन परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया गया। भाजयुमो भखारा मंडल अध्यक्ष चोवा राम साहू ने कहा कि इस दिन को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाया जाता है। 2014 से इसे राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंत्योदय (समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान ) के विचार को प्रचारित करने के लिए इस दिवस की शुरुआत की थी। मौके पर चंद्रहास कामड़े, बूथ अध्यक्ष कौशल साहू, मोहन सेन, पूर्व उपसरपंच आशीष साहू, युवराज साहू पंच, भाजयुमो सदस्य मनहरण नेताम, पूनमचंद साहू, केशव साहू, महावीर साहू, घनश्याम साहू, राकेश रघुवंशी, दानीराम साहू, रोशन रघुवंशी, धनराज साहू उपस्थित थे।




आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### तरुण अध्यक्ष, पन्नालाल व जानकी उपाध्यक्ष बने

**धमतरी।** लिमतरा परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और संगठन सचिव पद के लिए चुनाव हुआ। निर्वाचन अधिकारी धमतरी तहसील अध्यक्ष गोपाल साहू, मेवालाल साहू, टीकाराम, डेरहाराम, ललित साहू, मानिकलाल, नंदघरुखा, भुनेश्वरी तथा हिरमेश्वरी साहू थे। 195 सदस्यों ने अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, दो संगठन सचिव पुरुष महिला के लिए मतदान किया। मतदान के तुरंत बाद मतगणना हुई। तरुण साहू अध्यक्ष, पन्नालाल साहू पुरुष उपाध्यक्ष, जानकी साहू उपाध्यक्ष महिला, श्रीमती पूर्णिमा बनपेला और कामता साहू संगठन सचिव चुने गए।

### शंकरदाह स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरित



**धमतरी।** शंकरदाह स्कूल में 20 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। मौके पर जनपद सदस्य सत्यप्रभा साहू, सरपंच रमी गौतम, शाला विकास समिति अध्यक्ष हेमंत साहू, शोभा दुबे प्राचार्य, हेमशंकर सिन्हा, भगत साहू, रेवती ध्रुव, पुरुषोत्तम यादव, संदीप साहू, पोखन देवदास, पवन साहू, छबिलाल साहू, गंगा सिन्हा, अनीता बेर, ममता ध्रुव, नीलू सिन्हा, आशा ध्रुव, प्रमिला साहू समेत अन्य मौजूद रहे।

### बड़ी करेली के शिविर में बच्चों को दिया गया स्वर्ण प्राशन

- मुख्यमंत्री ने बालिका प्रीति को ड्राप पिलाकर शिविर का किया उद्घाटन

**धमतरी।** विश्व आयुर्वेद दिवस पर जिला आयुष विभाग के सहयोग से ग्राम बड़ी करेली में आयोजित शिविर में छोटे बच्चों को स्वर्णप्राशन का निःशुल्क ड्राप पिलाया गया। मुख्यमंत्री ने बड़ी करेली की बालिका प्रीति निर्मलकर पिता टिकेश्वर को अपने हाथों से आयुर्वेद स्वर्ण प्राशन ड्राप पिलाकर इसकी शुरुआत की। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर, सांसद रूपकुमारी चौधरी विशेष रुप से मौजूद थे। जिला स्तर के कार्यक्रम में जिला आयुष अधिकारी डा. अवध पचौरी, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डा. सेवंत साहू, डा.खिलेश साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। डा. अवध पचौरी ने स्वर्ण प्राशन का लाभ बताते हुए कहा कि स्वर्ण प्राशन शिशुओं एवं बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी है। बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है। स्मरण शक्ति, एकाग्रता, बुद्धि विकास में सहायक है। शारीरिक, मानसिक विकास को गति मिलती है। संक्रमण व मौसमी बीमारियों से सुरक्षा देने के साथ दीर्घकालिक स्वास्थ्य के लिए एक मजबूत आधार बनाता है।

**जनसमस्या : आसपास के दुकानदार व रहवासी परेशान**

# खईया पर कचरा फेंकने से उठ रही असहनीय बदबू

- कचरा डालने से जमीन 50 फीट तक हुई पोला
- भविष्य में इस जमीन पर इमारत खड़ी नहीं की जा सकती

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के मध्य स्थित खईया जमीन पर निगम द्वारा कचरा डंप किया जा रहा है जिससे असहनीय बदबू उठ रही है। बारिश में कचरे की सड़न से तेज बदबू उठ रही है जिससे आसपास के दुकानदार व सैकड़ों रहवासी परेशान हैं।

शहर के विजय गायकवाड़, सुरेंद्र ध्रुव, ईश्वर नेताम, बलराम साहनी का कहना है कि प्रशासन व निगम की ओर से इस कीमती जमीन में विकास कार्य करवाना चाहिए। वैसे भी शहर में विकास कार्यों के लिए जमीन नहीं है। ऐसे में शासन को बजट में पास होने लायक प्रस्ताव भेजना चाहिए। शासन के सहयोग से स्कूल, कालेज, सरकारी भवन आदि बनाया जा सकता है, लेकिन यहां सालों से शहर का कचरा डंप किया जा रहा है जो जमीन को पोला कर रहा है। पोला जमीन में बिल्डिंग नहीं बनाई जा सकती। इसका सबूत डिजिटल लाइब्रेरी बनाने के समय सामने आया। जब इंजीनियरों की टीम ने जमीन का निरीक्षण किया तो पता चला कि जमीन अत्यधिक पोला है वह भी 20 से 30 फीट तक। ऐसे में 3 से 4 मंजिला इमारत नहीं बनाई जा सकती। 50 फीट तक गहरी नींव खोदने के बाद भी बिल्डिंग कमजोर बनेगी जो कभी भी गिर सकती है। जमीन के पोला होने की शिकायत मिलने पर डिजिटल लाइब्रेरी हटकेशर में बनाई जा रही है। इससे तो यही लगता है कि आने वाले कई साल तक यह बेशकीमती जमीन खाली पड़ी रहेगी।

बारिश में कचरे के सड़ने से असहनीय बदबू उठ रही है। इससे सैकड़ों रहवासी, दुकानदार, राहगीर, तहसील दफ्तर आने वाले फरियादी, वकील, पुलिस थाना के कर्मचारी परेशान हैं। दुकानदारों का कहना है कि बदबू के कारण दिनभर सेटेंड अगरबती, धूपबती जलाकर काम करते हैं। काम के सिलसिले से आने वाले फरियादी राहगीर नाक, मुंह में रूमाल बांधकर काम करवाते हैं।

खईया के पास नागरिक सहकारी बैंक, तृतीय वर्ग कर्मचारी भवन, तहसील आफिस, एसडीएम कार्यालय, सिटी कोतवाली, कांग्रेस भवन, निगम कार्यालय, पोस्ट आफिस, दूरसंचार विभाग, शिवसिंह वर्मा स्कूल, राजस्व दफ्तर निगम कार्यालय, 25 से 30 दुकानें व सैकड़ों रहवासी हैं। सूखे के मौसम में असामाजिक तत्व यहां आग लगा देते हैं जिससे जहरीला धुआं निकलता है। यह स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।

# निर्माण कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मिश्रा

- ग्रामीण सड़क निर्माण का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत डोकाल से कौर्रा होते हुए कमारपारा तक बन रही ग्रामीण सड़क का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की तकनीकी जानकारी इंजीनियरों से ली और सड़क की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

श्री मिश्रा ने कहा कि सड़क निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा बल्कि ग्रामीण अंचल के लोगों को विकास की मुख्यधारा से जुड़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त न करने की बात कही और समय पर गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने पर बल दिया। अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत डोकाल-कौर्रा-कमारपारा मार्ग से आसपास के गांव सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। सड़क बन जाने से इन गांवों में रह रहे ग्रामीणों को बाजार, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी बुनियादी सुविधाओं तक आसानी से पहुंचने में सुविधा होगी।

### आमदी के शीतला मंदिर में 52 ज्योत जले



**आमदी।** नगर पंचायत आमदी के शीतला माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि में 52 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। बैगा त्रिलोचन ने बताया कि इस शारदीय नवरात्रि में माता की सेवा में नगरवासी जुटे हुए हैं। श्रद्धालु माता के मंदिर में सुबह शाम पूजा -अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं।

### मां अंगारमोती के दरबार में जले श्रद्धा के जोत





**अंवरी।** शारदीय नवरात्रि पर ग्राम पुरेना में स्थित मां अंगारमोती माता के दरबार में भक्तों द्वारा श्रध्दा के 21 जोत प्रज्वलित किए गए है। माता रानी का पंचमी पर विशेष श्रृंगार किया गया। पुजारी महेश टण्डन, हरीश टण्डन, हिमेश टण्डन, आशाबाई बघेल, श्यामलाल, वेदप्रकाश, कुलेश्वर निर्मलकर, परमानन्द, भनेश्वर साहू, रघुराम, भोला निर्मलकर, लोकेश साहू, रोहनी, भूषण, अभिषेक, मूलकराज लहरे, महेश, साहिल, कोमल, दिलीप, डिगेश्वर, इन्दरबाई ने दीप प्रज्वलित किया।



### तेलीनसत्ती में दुर्गा उत्सव का आयोजन

- नवरात्रि भारतीय संस्कृति, आस्था और मातृशक्ति की साधना का प्रतीक : रोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नवरात्रि पर ग्राम तेलीनसत्ती में ग्रामीण दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में भक्ति, आस्था और सांस्कृतिक रंगों से सजा एक भव्य दुर्गा उत्सव समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि रामू रोहरा महापौर तथा विशिष्ट अतिथि महेंद्र पंडित जिला महामंत्री थे। मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि नवरात्रि पर्व भारतीय संस्कृति, आस्था और मातृशक्ति की साधना का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में एकता, सौहार्द्र और सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। आने वाली पीढ़ियों को संस्कार और परंपराओं से जोड़ने का माध्यम भी बनते हैं। महेंद्र पंडित ने इसे समाज के सांस्कृतिक उत्थान और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक बताया।

### सेनचुवा में जस झांकी कार्यक्रम जारी

**डांडेसरा।** क्वांर नवरात्रि पर युवा जागृति दुर्गोत्सव समिति सेनचुवा द्वारा चार दिवसीय जस झांकी का आयोजन किया गया है। 25 सितंबर गुरूवार को शिव शक्ति जस एवं फाग परिवार कसही, 26 सितंबर शुक्रवार को जय मां छत्तीसगढ़ महतारी जस झांकी बगदेही, 27 सितंबर शनिवार को जय मां त्रिपुरसुन्दरी जस झांकी डाही की प्रस्तुति हुई। 1 अक्टूबर बुधवार को जय मां शीतला पूरन जस झांकी देवरी का कार्यक्रम होगा।

# मंत्री खुशवंत साहेब का हुआ स्वागत, केले से तौला

- युवाओं ने रखी धमतरी के विकास की मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रदेश के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, रोजगार एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब गुरुवार को एक दिवसीय प्रवास पर धमतरी पहुंचे। घड़ी चौक में सतनामी समाज के युवाओं ने प्रदेश युवा प्रमुख कोमल संभाकर के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया। श्री संभाकर ने धमतरी व आसपास के क्षेत्र की समस्याओं और मांगों से मंत्री को अवगत कराया। इसके बाद मंत्री गुरु खुशवंत ने मकेश्वर वार्ड में दुर्गा पंडाल के दर्शन किए। कोमल संभाकर के निवास पर वार्डवासियों ने मंत्रीजी को केले से तौला।

इस अवसर मंत्री जी ने कहा कि धमतरी की जनता का यह स्नेह और विश्वास मेरे लिए सबसे बड़ी पूंजी है। समाज की एकजुटता और नागरिकों का यह सम्मान मुझे और अधिक जिम्मेदारी से काम करने की प्रेरणा देता है। मौके पर अवनेंद्र देशलहरे, गजेंद्र जांगड़े, धनेश नवरंगे, तुपेंद्र गायकवाड़, अर्जुन, देव कुर्रे, आकाश बंजारे, चंदू बंजारे, संजु यादव, विजय सोनवानी, चंद्रप्रकाश पाटले, राजेंद्र भारती, देवनारायण टोंडे, हुलेश, भोला, सुरेश मौजूद रहे।

# स्क्वैश में भोथली स्कूल के दो खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



राज्यस्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता स्क्वैश में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। ये खिलाड़ी रायपुर में 27 से 30 सितंबर तक आयोजित प्रतियोगिता में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। व्यायाम शिक्षक गोपेश कुमार साहू ने बताया कि अंडर -14 बालक वर्ग में सागर साहू एवं अंडर-19 वर्ग में जयप्रकाश साहू का चयन हुआ है। इनके चयन पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष त्रिभुवन सन्हरा, अशोक सिन्हा, सरपंच शिवरात्रि ध्रुव, प्राचार्य ललित नारायण साहू, गणेश प्रसाद साहू व्याख्याता, आरके साहू, धनंजय सोनकर, एलएन शांडिल्य, रामशरण मिश्रा, मंजूषा साहू, रेखा देहारी समेत अन्य ने हर्ष जताया है।

# मिस फ्रेशर प्रतिमा, मिस ब्यूटीफुल आरती बनी



- कॉम्प्टेक कालेज में मनाई गई फ्रेशर पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कॉम्प्टेक महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। इस पार्टी का उद्देश्य नए विद्यार्थियों का स्वागत करना और उन्हें महाविद्यालय परिवार से जोड़ना था कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। नृत्य, गायन, रैंप वॉक , गेम्स जैसी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। मिस फ्रेशर पीजीडीसीए से प्रतिमा, मिस्टर फ्रेशर पीजीडीसीए से चमन ध्रुव, मिस ब्यूटीफुल बीकॉम से आरती यादव ,मिस्टर हैंडसम बीसीए से यशपाल साहू रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य आशीष नामदेव ने बच्चों को आशीर्वाद वचन दिया। इस अवसर पर प्राध्यापकगण डा. रीना नामदेव, संजय जगताप, मनीष यादव, केदार सिंह साहू, सीमा सोनी, शशि साहू और भुजेश मांडवी उपस्थित रहे।

मोटापे का ईलाज
वेजर लाइपोसक्शन व्दारा
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

**मामला श्वान बधियाकरण : निगम में जमा राशि भी होगी राजसात**

# हरियाणा की नैन एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- आयुक्त ने थमाया नोटिस



श्वान के बधियाकरण को लेकर निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने सख्त कदम उठाना प्रारंभ कर दिया है। ए फ डी आ र राजसात सहित ब्लैक लिस्ट की तैयारी की जा रही है। बता दें कि श्वान के बधियाकरण के लिए निकाली गई निविदा में नैन फाउंडेशन ने बढ़चढ़कर भाग लिया था और निगम के साथ अनुबंध भी कर लिया था जिसके आधार पर निगम ने संबंधित एजेंसी को कार्य आदेश मई माह में ही जारी कर दिया था। लेकिन एजेंसी ने टालमटोल करते हुए एक माह निकाल दिया। जुलाई माह में आवेदन देकर स्थल की मांग की। निगम ने जुलाई में ही स्थल चयन कर संबंधित एजेंसी को अवगत कराया और कार्य शीघ्र प्रारंभ करने कहा। एजेंसी ने पुनः टालमटोल करते हुए निगम द्वारा बताए गए स्थल को अनुपयुक्त बताकर नए स्थल की मांग की। निगम ने शहर के कई स्थलों से एजेंसी को अवगत कराया तथा श्वान का शीघ्र बधियाकरण करने का निर्देश दिया। फिर भी एजेंसी के द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। निगम ने जुलाई में प्रथम नोटिस जारी करने के बाद पुनः दूसरा नोटिस कुछ दिनों बाद जारी किया और 24 घंटे के भीतर कार्य प्रारंभ करने कहा तब जाकर एजेंसी ने पूर्व बताए गए स्थलों को छोड़कर अन्य नए स्थान को चिन्हांकित करते हुए सुभाष नगर वार्ड स्थित स्थल को उपयुक्त बताया। स्थल पर फेंसिंग अथवा जाली लगाने की मांग की। निगम ने श्वान के बधियाकरण के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी और दो दिवस के भीतर स्थल पर फेंसिंग एवं जाली लगवा दिया। स्थल पूरी तरह से तैयार होने के बाद भी एजेंसी ने कार्य प्रारंभ नहीं किया। दूरभाष से संपर्क करने के बाद भी एजेंसी द्वारा सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

एजेंसी द्वारा कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दिए जाने के कारण एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने का नोटिस निगम आयुक्त ने जारी कर दिया है और निर्देशित किया कि 24 घंटे के भीतर नगर पालिक निगम धमतरी क्षेत्र अंतर्गत श्वानों का बधियाकरण एवं टीकाकरण कार्य प्रारंभ कर अवगत कराएं अन्यथा एजेंसी द्वारा जमा की गई एफडीआर की राशि को राजसात कर लिया जाएगा। इसके अलावा अनुबंध को निरस्त कर एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग
गालब्लेडर एवं गालब्लेडर की पथरी का लेप्रोस्कोपिक विधि व्दारा सर्जरी
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

ओम हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था संबंधित जटिलताओं का संभव सफलतापूर्वक ईलाज)
- नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा
- बांझपन का ईलाज
- मासिक धर्म में दर्द, अनिमियता, मासिक धर्म का रुक जाने का ईलाज एवं सलाह
- गर्भाशय के रोग जैसे बच्चेदानी में गाँठ, सूजन
- संक्रमण, श्वेद प्रदर (सफेद पानी जाना), गर्भाशय का अपने स्थान से हट जाने का ईलाज
- बच्चेदानी एवं अंडेदानी का कैंसर का ईलाज
- बच्चेदानी एवं अंडेदानी संबंधित सभी बीमारीयों का दूरबीन द्वारा ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411